सीएम योगी आदित्यनाथ 4 सितम्बर को देंगे 2250 करोड़ से अधिक की सौगात, 93 करोड़ से स्थापित होगी सीईटीपी

# सीईटीपी का रास्ता साफ, कोका कोला प्लांट का होगा शिलान्यास

अच्छी खबर

**700** करोड़ से स्थापित होगा कोका कोला प्लांट, 1500 को मिलेगा रोजगार

**300** करोड़ की लागत से गीडा में सड़क और ड्रेनेज के कार्यों का शिलान्यास होगा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।

1 अदाणी के सीमेंट और अंबानी के एफएमसीजी यूनिट के बाद अब कोका कोला का प्लांट भी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में स्थापित होने जा रहा है। कोका कोला गीडा को केन्द्र में रखकर पूर्वांचल के साथ ही सीमावर्ती बिहार में सॉफ्ट ड्रिंक की सप्लाई करेगा। इसका शिलान्यास 4 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना है। इसके साथ ही बहुप्रतीक्षित सीईटीपी का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री के हाथों होना है। इस योजना पर 93 करोड़ करोड़ रुपये खर्च होंगे। गीडा के प्लास्टिक पार्क में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान योगी गोरखपुर को 2250 करोड़ से अधिक की सौगात देंगे।

उधर, मुख्यमंत्री द्वारा कोका कोला प्लांट के भूमि पूजन को लेकर सोमवार को मुख्य कार्यकाल अधिकारी गीडा अनुज मलिक ने मातहतों के साथ निरीक्षण किया।इस दौरान मंच से लेकर हेलीपैड स्थल बनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। स्थल चयन का अंतिम निर्णय डीएम को लेना है।

मुख्यमंत्री 700 करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले कोका कोला प्लांट का भूमि पूजन करेंगे। इसके लिए गीडा प्रबंधन ने अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर 27 में 40 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। पहले चरण में यहां 700 करोड़ रुपये के निवेश से 3000 बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा। कंपनी के लोगों का दावा है कि प्लांट स्थापित होने से 1500 से अधिक को रोजगार मिलेगा।



गीडा में सीएम के कार्यक्रम को लेकर सोमवार को सीईओ अनुज मलिक ने निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम 4 सितम्बर को गीडा के प्लास्टिक पार्क में प्रस्तावित है। इस दिन मुख्यमंत्री 2250 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।
>
> -**अनुज मलिक**, सीईओ, गीडा

**टेक्नो प्लास्टिक यूनिट का होगा लोकार्पण:** इसी के साथ मुख्यमंत्री 100 करोड़ के निवेश से स्थापित होने वाले टेक्नो प्लास्टिक यूनिट का लोकार्पण करने के बाद प्लांट का निरीक्षण भी करेंगे। 600 करोड़ से स्थापित होने वाले एपीएल अपोलो ग्रीन टेक का शिलान्यास भी सीएम योगी के हाथों होना है।लोकार्पित होने जा रही दो अन्य कंपनियों ओमफ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये और गजानन पाली प्लास्ट ने 7 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### सीपेट बिल्डिंग का भी शिलान्यास

सीएम योगी इसी दौरान 16 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सीपेट बिल्डिंग का भी शिलान्यास करेंगे। साथ ही गीडा के विभिन्न सेक्टरों में 300 करोड़ से होने वाले विकास कार्यों का भी शिलान्यास करेंगे। गीडा के कालेसर आवासीय योजना के आवंटियों को आवंटन पत्र का वितरण भी मुख्यमंत्री के हाथों होना है।

### अड़िलापार में 11.15 एकड़ में बनेगा सीईटीपी

बहुप्रतिक्षित कॉमन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री के हाथों होना है। योजना पर 93 करोड़ करोड़ रुपये खर्च होंगे। औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट उपचार हेतु अड़िलापार में 11.15 एकड़ क्षेत्रफल में 4 एमएलडी क्षमता का सीईटीपी स्थापित किया जा रहा है।

# खाद्यान्न प्रसंस्करण को कॉमन फैसिलिटी सेंटर

■ राजीव दत्त पांडेय

- गेहूं, धान, दलहन, तिलहन के साथ श्रीअन्न की होगी प्रोसेसिंग
- मलमलिया या चरगावा ब्लॉक में चिह्नित की जा रही जमीन

गोरखपुर। खाद्यान प्रसंस्करण के लिए

2 गोरखपुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) बनाया जाएगा। इसके लिए चरगावा और मलमलिया में जमीन तलाशी जा रही हैं। कॉमन फैसिलिटी सेंटर में धान, गेहूं, दाल, तिलहन और श्रीअन्न प्रजाति की फसलों के प्रसंस्करण के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे जिले के किसान, एफपीओ (एपीओ) और कृषि आधारित स्टार्टअप को स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन और रोजगार सृजन के नए अवसर मिलेंगे।

इसी सिलसिले में गोरखपुर के संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने हाल ही में हैदराबाद स्थित न्यूट्रीहब का दौरा कर सीईओ डॉ. जे स्टेनली से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वहां की कार्यप्रणाली, नवाचार मॉडल और उद्यमिता प्रोत्साहन प्रणाली का गहन अध्ययन किया।

> गोरखपुर में न्यूट्रीहब की तर्ज पर स्थापित होने वाला कॉमन फैसिलिटी सेंटर पूर्वांचल के कृषि परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। यह पहल किसानों को उत्पादन से आगे बढ़ाकर उद्यमिता और निर्यात की दिशा मे प्रेरित करेगी।
>
> -डॉ. अरविंद कुमार सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक गोरखपुर मंडल

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत प्रस्तावित यह केंद्र संयुक्त कृषि निदेशक एवं मंडलायुक्त की निगरानी में संचालित होगा। इसका उद्देश्य फसल कटाई के बाद की क्षति को कम करना, निर्यात और आय बढ़ाना है।

# शहर की पांच सड़कें 53.68 करोड़ से बनेंगी स्मार्ट

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।

3 महानगर की पांच सड़कें नवंबर 2026 तक स्मार्ट बनाए जाने की तैयारी है। इन सड़कों पर साइकिल और फुटपाथ, बिजली के तारों के लिए डक्ट व पीने के पानी व गैस की पाइपलाइन बिछाई जाएगी।4000 मीटर लम्बी इन सड़कों के निर्माण पर 53.68 करोड़ खर्च होंगे।

**ये सड़कें बनाई जाएंगी स्मार्ट:** कचहरी चौराहा से काली मंदिर तक 0.78 किमी, शास्त्री चौक से अंबेडकर चौक होते हुए छात्रसंघ चौराहा, अंबेडकर चौक से हरिओम नगर तिराहा होते हुए ऐश्प्रा तिराहा, कचहरी चौराहा होते हुए टाउनहॉल तक 2.37 किमी और शिवाय होटल से अग्रसेन तिराहा होते हुए विजय चौक से गणेश चौक तक की सड़क स्मार्ट बनेगी।



गोलघर की सड़क।

### 53 वार्डों में 5.26 करोड़ से होंगे 75 विकास कार्य

गोरखपुर। नगर निगम ने पार्षद वरीयता और नगर निगम निधि से 53 वार्डों में 5.26 करोड़ रुपये के 75 कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। सितम्बर माह में काम शुरू होंगे और नवंबर-दिसंबर तक पूरे हो जाएंगे। वार्डों में किए जाने वाले कार्यों में अधिकाश सीसी सड़क, आरसीसी नाली, इंटरलाकिंग रोड, रिटेनिंग वॉल, स्लैब कटिंग, स्लैब कबर्ड करने के काम शामिल हैं।